34303

Reg. No. | | | | | | | | |

# III Semester B.Com/B.C.H.N/B.C.L.S/.B.C.T.T/B.C.A.F. Degree Examination, March-2021

## HINDI

## Natak Sarkari Patra aur Sankshepan

## (CBCS Freshers Scheme)

**Time : 3 Hours** **Maximum Marks : 70**

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या वाक्य में लिखिए।** **(10×1=10)**

1. किसने पुश्तैनी घर को हानुश के नाम लिख दिया था?
2. घड़ी कितने सालों बाद बनकर तैयार होती है?
3. हानूश की दरख्वास्त को किसने नामंजूर कर दिया था?
4. पादरी के अधीन में कितने गिरजे थे?
5. कात्या की बेटी का नाम लिखिए?
6. कौन अपनी आजीविका चलाने के लिए ताले बनाया करता था?
7. महाराज किस राज्य को अपना दुश्मन मानते थे?
8. लाट पादरी कौन से रंग का लबादा पहनते हैं?
9. लोहार को हानुश क्या कहकर पुकारता था?
10. 'हानुश' नाटक के नाटककार कौन है?

**II किन्हीं दो की संदर्भ-सहित व्याख्या कीजिए।** **(2×6=12)**

1. "सियाने कह गए हैं: पीठ अतीत की ओर और मुँह भविष्य की ओर होना चाहिए।"
2. "घड़ी बनाना इनसान का काम नहीं, शैतान का काम है।"
3. "मालिक! मालिक! यह जुल्म नहीं करो। मुझे ज़िन्दा दफना दो मालिक, मगर मुझे अन्धा नहीं बनाओ।"
4. "चलो, अच्छा हुआ, अपनी मौत मर गई। हम दोनों में होड़ चल रही थी कि पहले कौन दम तोड़ता है."

P.T.O.

**III.** 1. 'हानुश' नाटक का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। **(1×12=12)**

(अथवा)

2. 'हानूश' नाटक के आधार पर 'कात्या' का चरित्र-चित्रण कीजिए।

**IV किसी एक पर टिप्पणी लिखिए।** **(1×6=6)**

1. पादरी।
2. ऐमिल-कात्या का वार्तालाप।

**V. पत्र लेखन:- (कोई दो)** **(2×10=20)**

1. सुश्री नूरेन फातिमा, उपनिदेशक, शिक्षा विभाग, कर्नाटक राज्य की ओर से श्वेता छाबरिया, लिपिक की 01 अप्रैल 2021 से 30 अप्रैल 2021 तक की 30 दिन की अर्जित छुट्टी स्वीकार करते हुए एक कार्यालय आदेश लिखिए।
2. सचिव, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली की ओर से शिक्षा सचिव, कर्नाटक सरकार को एक सामान्य सरकारी पत्र लिखकर देश में एक समान पाठ्यक्रम जारी करने की दिशा में अभिप्राय माँगिए।
3. अपने क्षेत्र में फैले हुए कोविड-19 सर्वव्यापी महामारी के रोकथाम हेतु, उपसचिव, स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत-सरकार की ओर से सभी राज्य सरकारों को सुचित करते हुए एक परिपत्र लिखिए।

**VI. निम्नलिखित गद्यांश का उचित शीर्षक देते हुए एक तिहाई में संक्षेपण कीजिए:-** **(1×10=10)**

हमारे देश के त्यौहार चाहे धार्मिक दृष्टि से मनाए जा रहे हों या नए वर्ष के आगमन के रुप में; फसल की कटाई एवं खलिहानों के भरने की खुशी में हों या महापुरुषों की याद में; सभी अपनी विशेषताओं एवं क्षेत्रीय प्रभाव से युक्त होने के साथ ही देश की राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक एकता और अखंड़ता को मज़बूती प्रदान करते हैं। ये त्यौहार जहाँ जनमानस में उल्लास, उमंग एवं खुशहाली भर देते हैं, वहीं हमारे अंदर देश-भक्ति एवं गौरव की भावना के साथ-साथ, विश्व-बंधुत्व एवं समन्वय की भावना भी बढ़ाते हैं। इनके द्वारा महापुरुषों के उपदेश हमें बार-बार इस बात की याद दिलाते हैं कि सद्विचार एवं सद्भावना द्वारा ही हम प्रगति की ओर बढ़ सकते हैं। इन त्यौहारों के माध्यम से हमें यह भी शिक्षा मिलती है कि वास्तव में धर्मों का मूल लक्ष्य एक है, केवल उस लक्ष्य तक पहुँचने के तरीके अलग-अलग हैं।

---

13303

Reg. No. | | | | | | | | |

III Semester B.Com/B.C.S.P/B.C.T.T/B.C.L.S. Degree Examination, March - 2021

# HINDI

## Natak Sarkaripatra Aur Sankshepan

## (CBCS Repeaters From Scheme 2016-17 Onwards)

**Time : 3 Hours** **Maximum Marks : 70**

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या वाक्य में लिखिए।** **(10×1=10)**

1. मंडली की प्रमुख गायिका का नाम क्या था?
2. कोलंबस मरते दम तक अमेरिका को क्या समझता रहा?
3. कौन पहले व्यापारी बन कर आए और फिर राजसत्ता हथियाने के षडयन्त्र में लग गए?
4. सन 1600ई. लंदन में किस कंपनी की स्थापना हुई?
5. भारत का बंग-भंग किसने किया?
6. गाँधीजी का हाथियार क्या था?
7. आज़ाद हिंद फौज का गठन किसने किया?
8. मद्रास से निकलने वाली पत्रिका कौन सी थी?
9. उत्तरी भारत में किसका योगदान सराहनीय रहा?
10. लाहौर में पुलिस आधिकारी स्काट के धोखे में किसकी हत्या की जाती है?

**II किन्हीं दो की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।** **(2×6=12)**

1. 'रियली इंडिया इज ए वंडरफुल मार्केट'
2. ''शराफत नैतिकता, मानवता, भाईचारा, दीज़ आर आल बोगस वर्ड्स। वी शुड बी प्रेक्टिकल''
3. इसीलिए तो छाती फटती है इन फिरंगियों की, जब कुछ बस न चला को कारागीरों के अंगूटे कटवाने पर ही तुल गए।
4. लेकिन प्रांतो और देशी राज्यों को नयी सरकार में शामिल होने या न होने की छूट होगी।

**III.** 'अलख आज़ादी की' नाटक सारांश लिखते हुए उसके उद्देश्य पर प्रकाश डालिए। **(1×12=12)**

अथवा

''अलख आज़ादी की'' नाटक में स्वतंत्रता संग्राम से सम्बान्धित ऐतिहासिक संदर्भो को प्रस्तुत किया गया है। स्पष्ट कीजिए।

**IV किसी एक पर टिप्पणी लिखिए।** **(1×6=6)**

1. बहादुरशाह ज़फर।
2. जलियाँवाला बाग।

P.T.O.

V. पत्र लेखन (कोई दो) (2×10=20)

1. उप–सचिव, गृह–मंत्रालय, भारत–सरकार की ओर से एक सामान्य सरकारी पत्र सचिव गृह–विभाग, कनार्टक, सरकार की लिखिए और राज्य में छात्रों के हो रहे उपद्रवों क कारण की जानकारी प्राप्त कीजिए।

2. गृह–मंत्रालय के हिन्दी अनुभाग में कुछ अध्यापकों को 32,500-2000-46500 के वेतनमान में हिन्दी शिक्षण योजना के अन्तर्गत नियुक्त किया जा चुका है। इस नियुक्ति की सूचना सम्बन्धित अध्यापकों की कार्यालय आदेश द्वारा भेजिए।

3. सचिव, उद्योग–मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से राज्य उद्योग निदेशकों को एक परिपत्र लिखिए और कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहन दिलाने के लिए सुझाव दीजिए।

VI. निम्नलिखित गद्यांश का उचित शीर्षक देते हुए एक तिहाई शब्दों में संक्षेपण कीजिए। (1×10=10)

आधुनिक व्यवसाय में ग्राहक का बडा महत्वपूर्ण स्थान है। वह युग बीत गया जबाकि अर्थव्यवस्था उत्पादन–प्रधान थी और व्यवसायी के बिना किसी कठिनाई के वह सब कुछ बेच लेता था, जी वह उत्पन्न करता था। किन्तु आज व्यवसायी को वह वस्तु बेचनी पडती है, जिसे ग्राहक चाहता है। फलत: वर्तमान अर्थव्यवस्था में 'ग्राहक प्रधान' हो गया हैं। पहले ग्राहक का कोई महत्व नही था किन्तु आज ग्राहक बाजार का राजा माना जाता है। आज का बाजार, ग्राहक का बाज़ार है। व्यवसाय का उद्देश्य ग्राहकों की अधिकाधिक सेवा करना है और उनको आधिकतम संतुष्टि प्रदान करना है।